# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पर्यटन स्थल की साख खराब करने वाले नहीं जायेंगे बख्शे

**राहत**

## जिला प्रशासन ने करनी शुरू कर दी है सख्ती

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ का पर्यटन स्थल चंडाक पर नशेड़ियों की हरकत पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती करनी शुरू कर दी है। बता दें कि लंबे समय से सैर के लिए प्रातकालीन सैर व सांयकालीन सैर में आने वाले स्थानीय नागरिकों व बुजुर्गों व महिलाओं ने जिलाधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान को पर्यटन स्थल चंडाक में नशेड़ियों द्वारा आये दिन शराब की बोतलें फेंके जाने व नशा करें जाने व राह चलते लोगों पर अभद्रता करने और जगह जगह गंदगी करने के मामले में एक शिकायती पत्र सौपकर यहां पर जिलाधिकारी को चाकचौध सुरक्षा व्यवस्था करने व नशेड़ियों पर लगाम कसे जाने को लेकर अवगत कराया था।

वही जिलाधिकारी ने इस मामले पर अब यहां पर सीसीटीवी कमरे लगाने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के आदेश दे दिये है। जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी ने चंडाक से पर्यटन स्थल की खूबसूरती को खराब करने वालो पर खासी गहरी नाराजगी जाहिर की है। जिलाधिकारी ने सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के एकमात्र पर्यटन स्थल चंडाक के जंगलों में शराब की बोतलें व गंदगी करने वाले नशेड़ियों पर अब तीसरी निगाह की नजर में रखने के आदेश दे दिये है।



जिलाधिकारी ने शहर के पर्यटनों स्थलों के जंगलों में शराब की बांतलें व गंदगी किये जाने को गंभीर व बेहद चिंता का विषय बताया है। जंगलों में हो रही इस तरह की गंदगी से जहां पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वही ऐसे में जिले की पर्यटन की साख को खासा नुकसान पहुंचता है। जिलाधिकारी ने इस मामले पर गंभीरता बरतते हुए इन स्थलों पर हो रही गतिविधियों पर निगाह रखने के लिए इको कलब का गठन करने के साथ ही वहां पर ग्प्रम प्रधान और वीडिओ को तत्काल मुस्तैदी रखने व सीसीटीवी तय समय पर लगाये जाने की व्यवस्था करने के प्रयास तेजी से संबधित मातहतों को दे दिये है। ऐसे में अब यह उम्मीद जताई जा सकती है कि जिले के पर्यटन स्थलों पर अराजकता फैलाने वाले नशेडी व गंदगी करने वालों से सख्ती से निपटा जा सकेगा।

## न्यूज डायरी

### सुंदरलाल बहुगुणा की पहली पुण्यतिथि पर आम आदमी पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश के संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट समेत पार्टी के कई पदाधिकारियों ने कार्यालय में पहुंचकर स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। बिष्ट ने इस दौरान बताया कि स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा ने हमेशा अपने जीवन में कई संघर्ष किए और वह प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रहे जिन्होंने सदैव जल जंगल जमीन की लड़ाई को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि आज सुंदरलाल बहुगुणा हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन हमें उनके विचार और आदर्शों पर चलने की बहुत जरूरत है।

### कांग्रेस की राज्य स्तरीय कार्यशाला 1 व 2 जून को

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस की गढ़वाल मण्डल मीडिया प्रभारी गरिमा माहरा दसौनी ने बताया कि 13 से 15 मई तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के उदयपुर में ''नव संकल्प चिन्तन शिविर'' आयोजित किया गया जिसमें सर्व सम्मिति से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये थे। जिसके तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री के. सी. बेणुगोपाल के निर्देश प्राप्त हुए हैं कि सभी प्रदेशों में 1 व 2 जून को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जानी है। इसी क्रम में 1 व 2 जून को उत्तराखण्ड कांग्रेस भी दो दिसवीय कार्यशला आयोजित करेगी।

### केएफसी के दीवाने जोर से चिल्ला रहे हैं हाउजैट

**संवाददाता** देहरादून। यह साल का ऐसा समय है जब हम अपनी–अपनी चहेती क्रिकेट टीमों के नाम पर एक दूसरे से शर्त लगा रहे होते हैं अपनी अपनी चहेती टीमों को लेकर एक–दूसरे से टकरा जाते हैं लेकिन केएफसी की चिकन बकेट ही ऐसी चीज है जो हमें साथ लाती है आप सोच भी नहीं सकते पर अब जोर से अपनी टीम को चियर करना आपको अपने पसंदीदा केएफसी प्रोडक्ट पर डिस्काउंट जीतने में मदद कर सकता है जी हां अपनी आवाज को थोड़ा और ऊंचा कीजिए तथा हिस्सा लीजिए केएफसी ऐप पर चल रहे अपनी तरह के पहले वॉइस एक्टिवेटेड मेगा ऑफर हाउजैट में केएफसी ऐप को डाउनलोड कीजिए और होम स्क्रीन पर हाउजैट बैनर पर क्लिक करके जितनी जोर से हो सके उतनी जोर से चिल्लाइए हाउजैट क्योंकि जितना जोर से आप चिल्लााएंगे उतना बड़ा डिस्काऔउंट अपने ऑर्डर पर पाएंगे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए भारतरत्न पूर्व पीएम राजीव गांधी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर अपने प्रिय नेता को श्रद्वासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के धनी थे। माहरा ने कहा कि स्व. राजीव का नाम आधुनिक भारत के निर्माता, भारत में कम्प्यूटर क्राति के सूत्रधार के रूप में देश के इतिहास के पन्नों में सदैव स्वर्ण अक्षरों में लिख जायेगा। स्व. राजीव जी ने संविधान में संशोधन कर पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मात्र शक्ति को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया।

स्व. राजीव गांधी जी के जीवन वृतान्त का उल्लेख करते हुए करन माहरा ने कहा कि स्वभाव से वे गंभीर लेकिन आधुनिक सोच एवं निर्णय लेने की अदभुत क्षमता वाले और भारत को प्रगतिशील देशों के समकक्ष लाकर उच्च तकनीकी से लैस करना चाहते थे, जो उन्होंने करके भी दिखाया। माहरा ने कहा कि राजीव जी बार–बार कहते थे कि भारत की एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने के लिए सभी धर्मों को आगे आने की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मात्र 40 वर्ष की युवा अवस्था में सबसे बडे लोकतंत्र के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर असीन होने वाले राजीव गांधी सज्जनता, मित्रता और प्रगतिशीलता का प्रतीक थे। माहरा ने कहा कि राजीव जी सोच कृषि क्षेत्र को मजबूती देने की थी।



# मातृ दिवस के रूप मे मनाया गया प्रतिभा दिवस

**संवाददाता** पुरोला। राआउप्रावि पुजेली मे शनिवार को प्रतिभा दिवस मातृ दिवस के रूप मे मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय मे छात्र छात्राओ के लिए सुलेख ,चित्रकला ,मानचित्र ,सामान्य ज्ञान, स्वच्छता आदि प्रतियोगितात्मक रखी गयी। माताओ के लिए शैक्षिक योग्यता ,स्वच्छता स्वास्थ्य ,अन्ताक्षरी, कुर्सी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में विजेताओ को पुरूस्कार एवं सभी माताओ को सांत्वना पुरूस्कार दिये गये। विधालय के प्रधानाध्यापक चन्द्रभूषण बिजल्वाण ने सभी माताओ का आभार व्यक्त कर प्रतिभा दिवस के बारे मे विचार रखे। बिजल्वाण ने कहा कि छात्रो मे छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने के उद्देश्य से प्रतिभा दिवस का आयोजन किया जाता है।

# अल्मोड़ा वन प्रभाग बना वनकर्मियों को वायरलेस सेट देने वाला प्रदेश का पहला डिवीजन

**संवाददाता** अल्मोड़ा। वायरलैस सेट से अपने कर्मचारियों को सुज्जित करने वाला वन विभाग उत्तराखंड का पहला डिवीजन बनने वाला है। 20 लाख रुपए की धनराशि भी स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही सभी फील्ड कर्मचारियों को वायरलैस सेट दे दिए जाएंगे। भले ही अन्य सरकारी विभाग अपने को लगातार समय के हिसाब से अपडेट कर रहे हो। लेकिन वन विभाग वहीं पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। हाल यह कि अगर कहीं जंगल में कोई घटना हो जाती है तो वन विभाग के अधिकारी को तीन से चार दिनों में घटना की जानकारी पता चलती थी।

फायर सीजन, मानव वन्यजीव संघर्ष आदि मामलों में भी इस तरह की दिक्कत से दो–चार होना आम बात है। समय पर जानकारी नहीं मिलने से वन विभाग हमेशा नाकाम ही साबित रहता था।

### वायरलेस टॉवर स्थापित करेगा वन विभाग

पहाड़ के कई क्षेत्रों में आज भी नेटवर्क कनेक्टिविटी एक बड़ी समस्या है। कनेक्टिविटी नहीं होने से कई बार वन विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए वन विभाग अपने फील्ड कर्मचारियों को वायरलैस सिस्टम से जोड़ने जा रहा है। यह सिस्टम शुरू होने के बाद वन विभाग के पास अपना संपर्क साधन होगा। दूरस्थ वन क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने पर भी वनकर्मी सूचनाओं का आदान प्रदान कर सकेंगे।

**आपदा निधि से मिले 20 लाख**

वन विभाग को वायरलैस सेट खरीदने के लिए धनराशि मिल चुकी है। डीएम ने ववन विभाग को राज्य आपदा निधि से 20 लाख रुपए दे दिए है। पहले चरण में 70 से 80 वायरलैस सेट खरीदे जाएंगे। जो कि रेंजर, फारेस्ट गॉर्ड समेत अन्य फील्ड कर्मचारियों को दिए जाएंगे।

वन विभाग जिले में एक अलग से वायरलैस टॉवर स्थापित करेगा। ताकि आपस में सामंजस्य बनाने में कोई दिक्कत ना हो। इसके लिए आपरेटरों से बातचीत की जा रही है। डीएफओ महातिम यादव ने बताया कि वन विभाग अपने कर्मचारियों को अत्याधुनिक उपकरण मुहैया करा रहा है।

# मेदांता अस्पताल से कैंसर विशेषज्ञों की टीम पहुंची देहरादून

**संवाददाता** देहरादून। कैंसर के बढ़ते मामलों की गंभीरता को देखते हुए मेदांता–गुरुग्राम अस्पताल की कैंसर विशेषज्ञों की टीम उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहुंची। यहां मरीजों को कैंसर से बचाव, संक्रमित होने के बाद बरती जाने वाली सावधानियां, कैंसर रोगियों को परामर्श एवं उपचार संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। मेदांता–गुरुग्राम में मेडिकल और हेमेटो–ऑन्कोलॉजी डिवीजन के उपाध्यक्ष डॉ. सत्य पाल कटारिया ने कहा कि कैंसर जैसी घातक बीमारी की रोकथाम के लिए संक्रमित मरीज के बारे में जल्द से जल्द पता लगाना जरूरी है। इसके लिए हमारे पास अत्याधुनिक ओपीडी है, जिसमें मरीज के संक्रमित होने की जानकारी और संक्रमण की दर का भी पता लगाया जा सकता है। डॉक्टर कटारिया 27 वर्षों से भी अधिक समय से कैंसर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। देश की 30 से ज्यादा प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में उनके शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।